DAY —— **12**　　SEAT NUMBER | | | | | | |

| 2024 | VII | 31 | 1100 | **J-219** | (H) |
|---|---|---|---|---|---|

# GEOGRAPHY (39)

**Time : 3 Hrs.**　　**(7 Pages)**　　**Max. Marks : 80**

**सूचना :** *(१) सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।*
*(२) प्रश्नों के उत्तर लिखते समय, आवश्यकतानुसार सुस्पष्ट आकृति / आलेख बनाइए।*
*(३) रंगीन पेंसिल का उपयोग करने की अनुमति है।*
*(४) मानचित्र स्टेंसिल के उपयोग करने की अनुमति है।*
*(५) दाहिने ओर लिखे अंक पूर्णांक दर्शाते हैं।*
*(६) मानचित्र की उत्तर पुस्तिका को मुख्य उत्तर पुस्तिका में बांधिए।*

**प्र. १.** दी गई सूचना के अनुसार उप-प्रश्नों को हल कीजिए : **[ २० ]**

**( अ )** 'अ', 'ब' और 'क' स्तंभों के घटकों के सहसंबंध को जोड़कर शृंखला पूर्ण कीजिए : (५)

| क्रमांक | 'अ' | 'ब' | 'क' |
|---|---|---|---|
| (१) | उपभोक्ता वस्तुएँ | (क) प्राकृतिक भूगोल | (य) व्यापारिक क्षेत्र |
| (२) | भूगोल | (ख) अंतर्राष्ट्रीय | (र) जलवायु शास्त्र |
| (३) | स्थानांतरण | (ग) औद्योगिक क्षेत्र | (ल) औषधि निर्माण |
| (४) | औपचारिक प्रदेश | (घ) अलग सीमाएँ | (व) भारत से ऑस्ट्रेलिया |
| (५) | नगरीय भूमि उपयोग | (ङ) प्रत्यक्ष उपयोग के लिए तैयार | (श) राज्य |
| | | (इ) परती भूमि | (स) वाहन निर्माण |

**(ब)** दिए गए विधान और कारण के सही सहसंबंध पहचानिए : (५)

(A : विधान R : कारण)

(१) A : आश्रित जनसंख्या की वृद्धि से अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है।
R : जनसंख्या में वृद्धों की आबादी बढ़ने से स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए अधिक खर्च होता है।
(अ) केवल A सही है।
(ब) केवल R सही है।
(क) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(ड) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(२) A : नगरीय क्षेत्र में वृद्धि के साथ उनके कार्यों में भी वृद्धि होती है।
R : नगरों के पास केवल एक ही कार्य होता है।
(अ) केवल A सही है।
(ब) केवल R सही है।
(क) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(ड) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(३) A : भारत में औद्योगिक उत्पादन में विविधता पाई जाती है।
R : भारत यह कृषि प्रधान देश है।
(अ) केवल A सही है।
(ब) केवल R सही है।
(क) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(ड) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(४) A : जनसंख्या एवं प्रादेशिक विकास में परस्पर संबंध है।
R : जनसंख्या प्रादेशिक विकास को प्रभावित करती है।
(अ) केवल A सही है।
(ब) केवल R सही है।
(क) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(ड) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(५) A : संगणक का ज्ञान अतिरिक्त कौशल्य के रूप में भूगोल अभ्यासक के लिए आवश्यक है।

R : भूगोल में संगणकीय प्रतिमानों (apps) का उपयोग नहीं होता।

(अ) केवल A सही है।

(ब) केवल R सही है।

(क) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(ड) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**( क )** निम्नलिखित में गलत घटक पहचानिए और लिखिए : (५)

(१) जनसंख्या संरचना (घटक) :

(अ) आयु संरचना

(ब) लिंग-अनुपात

(क) भू-रचना

(ड) व्यावसायिक संरचना

(२) घरों के बीच दूरियों के आधार पर मानव बस्तियों के प्रकार :

(अ) केंद्रीय बस्ती

(ब) बिखरी हुई बस्ती

(क) पृथक बस्ती

(ड) प्रादेशिक बस्ती

(३) स्वामित्व पर आधारित उद्योग :

(अ) अधीनस्थ क्षेत्र

(ब) सार्वजनिक क्षेत्र

(क) निजी क्षेत्र

(ड) सहकारी क्षेत्र

(४) प्रादेशिक विकास के सूचक :

(अ) साक्षरता

(ब) भाषा

(क) जीवन मान

(ड) जनसंख्या की गुणवत्ता

(५) भूगोल के अभ्यासक (विद्वान) :

(अ) हेकेट्स

(ब) टॉलेमी

(क) शेक्सपियर

(ड) स्ट्रॅबो

**(ड)** निम्नलिखित विधान 'सही' हैं अथवा 'गलत' पहचानिए : (५)

(१) स्थानांतरण जनसंख्या के वितरण एवं घनत्व को प्रभावित करता है।

(२) मनुष्य सामाजिक प्राणी नहीं है।

(३) बेकरी उद्योग बाज़ारों के समीप स्थापित नहीं किए जाते हैं।

(४) तृतीयक व्यवसाय केवल सेवा प्रदान करते हैं।

(५) प्रदेश बहुत छोटे अथवा बहुत बड़े हो सकते हैं।

**प्र. २. निम्नलिखित विधानों के भौगोलिक कारण लिखिए ( कोई चार ) :** **[ १२ ]**

(१) पर्वतीय क्षेत्रों में विरल जनसंख्या पायी जाती है।

(२) ग्रामीण क्षेत्र से नगरीय क्षेत्र की ओर स्थानांतरण बढ़ रहा है।

(३) मुख्य नगरों के पास उपनगर तीव्र गति से विकसित हो रहे हैं।

(४) दक्षिणी अमेरिका में उद्योगों का विकास मर्यादित है।

(५) हवाई यातायात के उपयोग का प्रमाण बढ़ रहा है।

(६) निरक्षरता एवं गरीबी प्रादेशिक विकास को प्रभावित करते हैं।

**प्र. ३. अंतर स्पष्ट कीजिए ( कोई तीन ) :** **[ ९ ]**

(१) त्रिकोणाकार बस्ती और गोलाकार बस्ती

(२) विस्तृत पिरामिड और संकुचित पिरामिड

(३) अशोधित जन्मदर और अशोधित मृत्युदर

(४) बड़े पैमाने के (वृहत) उद्योग और कुटीर उद्योग

(५) मानवीय भूगोल और प्राकृतिक भूगोल

**प्र. ४.** **(अ)** विश्व मानचित्र में निम्नलिखित को योग्य सांकेतिक चिन्हों द्वारा दर्शाइए एवं सूची बनाइए (कोई <u>छह</u>): **[ ११ ]** (६)

(१) विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश।

(२) भारत के पश्चिमी पट का बहुत बड़ा (मेगा) नगर।

(३) एशिया में सबसे अधिक जीवनमान वाला देश।

(४) संयुक्त राज्य अमेरिका में घास का प्रदेश।


(५) दक्षिण अमेरिका के उत्तरी भाग का प्रमुख औद्योगिक देश।

(६) यूरोप, अफ्रीका और एशिया महाद्वीपों को जोड़ने वाली नहर।

(७) अफ्रीका में सबसे बड़ा मरूस्थल।

(८) उत्तरी अटलांटिक महासागर में विरल जनसंख्या वाला हिमाच्छादित द्वीप।

**(ब)** दिए गए मानचित्र का अध्ययन करके, उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (५)



प्रश्न –

(१) यूरोप में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे कौन–से हैं?

(२) दिए गए मानचित्र में कौन–सा रेलमार्ग दो महाद्वीपों को जोड़ता है?

(३) कौन–से महाद्वीप में कोई स्थायी यातायात के साधन उपलब्ध नहीं हैं?

(४) कौन–सी नहर पैसेफिक (प्रशांत) व अटलांटिक महासागरों को जोड़ती है?

(५) अफ्रीका में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम लिखिए।

**प्र. ५. संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए ( कोई तीन ) :** **[ १२ ]**

(१) स्थानांतरित कृषि।

(२) कच्चे माल पर आधारित उद्योगों का वर्गीकरण।

(३) संचार के साधन और उनका महत्त्व।

(४) भारत में प्रादेशिक असमानता के कारण ।

(५) भूगोल में आधुनिक प्रवृत्तियाँ (trends)

**प्र. ६. ( अ )** दिए गए परिच्छेद का अध्ययन करके इसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (४) **[ ८ ]**

खनन : खनिजों का उपयोग

मनुष्य प्राचीन काल से खनिजों का उपयोग करता आ रहा है। खनिजों का उपयोग हथियार, उपकरण, आभूषण, औषधि, बर्तन आदि बनाने के लिए किया गया है। मानव के सांस्कृतिक विकास के विभिन्न चरण खनिजों के उपयोग से भी संबंधित है। पाषाण युग के अंतिम चरण में, मनुष्य ने भूमिगत खनिजों के उपयोग के कौशल को आत्मसात किया। खनिजों के उपयोगानुसार विभिन्न युगों को जैसे कांस्ययुग, ताम्रयुग, लौहयुग, परमाणु युग के कालखंडों के अनुसार चित्रित किया गया।

मानव ने समुद्र और महासागर के तल से खनिज तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन शुरू किया है।

भू–पटल में पाए जाने वाले खनिजों का निर्माण मनुष्य नहीं कर सकता। पृथ्वी पर पाए जाने वाले खनिजों का वितरण असमान है। यह गतिविधि पूरी तरह से खनिजों की उपलब्धता पर निर्भर करती है। इस व्यवसाय के विकास का अक्षांश से सीधा संबंध नहीं है। भले ही किसी स्थान पर खनिज उपलब्ध

हों, पर प्रत्यक्ष में उस प्रदेश की भूगर्भरचना, खनिजों का मूल्य, जलवायु, पूँजी निवेश, प्रौद्योगिकी, कुशल श्रम उपलब्धता, इत्यादि कारकों पर खनन निर्भर करता है।

यांत्रिकीकरण के कारण यह व्यवसाय बड़े पैमाने पर विकसित हुआ है।

प्रश्न :

(१) मानव ने समुद्र और महासागर के तल से कौन–से खनिजों का उत्पादन लिया है?

(२) प्राचीन काल से मानव खनिजों का उपयोग किसलिए करता आ रहा है?

(३) खनन कार्य व्यवसाय कौन–से कारण से बड़े पैमाने पर विकसित हुआ है?

(४) खनन व्यवसाय का अक्षांशीय रेखाओं से सीधा संबंध क्यों नहीं है?

**(ब)** स्वच्छ रेखाचित्र/आकृतियाँ बनाइए और उनके नाम लिखिए (कोई दो) : (४)

(१) प्रादेशिक असंतुलन कम करने के लिए सार्वजनिक वस्तु/सेवाओं की पूर्तता।

(२) जनसंख्या संक्रमण सिद्धांत के प्रथम और द्वितीय चरण।

(३) पूँजी निवेश के अनुसार उद्योग धंधों का वर्गीकरण।

**प्र. ७. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए (कोई एक) :** **[ ८ ]**

(१) जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले मानवीय कारकों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(२) प्राथमिक आर्थिक क्रियाकलाप किसे कहते हैं? प्राथमिक आर्थिक क्रियाकलाप के प्रकार स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆